बरेली, सोमवार
5 जनवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO, 111, MIDDLE RIGHT

# नववर्ष का स्वागत, नृत्य और गायन से सजी रिद्धिमा की शाम

जासं, बरेली : रिद्धिमा में रविवार को नए वर्ष का स्वागत करने के लिए म्युजिकल सागा कार्यक्रम हुआ। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल व सात्विक मिश्रा ने 'लागा चुनरी में दाग' को अपने स्वर में प्रस्तुत किया और इसे भरतनाट्यम के भावों में पिरोकर नाट्य गुरु तनाया भट्टाचार्य ने यादगार बना दिया। कथक गुरुओं देवाज्योति नक्सल और रियाश्री चटर्जी ने कथक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। अतिथि गायक इंदू परडल ने सैनोरीटा, है अपना दिल तो आवारा, ओ मेरे सोना रे सोना रे जैसे गीत गाकर महफिल को झूमने पर मजबूर कर दिया। संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, दीपेंद्र कमथान आदि मौजूद रहे।



रिद्धिमा में म्युजिकल सागा कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कलाकार • सौ. संस्था